22052024-Isp-01_Layout 1 5/21/2024 10:16 PM Page 1

हरिभूमि
# बालोद भूमि
रायपुर, बुधवार 22 मई 2024

तापमान

अधिकतम 31.4 डिग्री

न्यूनतम 16.6 डिग्री

14 भारतरत्न राजीव के योगदान को कांग्रेस ने किया याद, दी ...



12 वोटों की काउंटिंग के लिए दी गई आरओ ...





### भूल सुधार

**दिनाँक 14 व 15 मई, 2024 हरिभूमि बिलासपुर** में पैरामेडिकल कोर्स में आवेदन से संबंधित विज्ञापन प्रकाशित हुआ था, जिसमें 1 लाइन त्रुटिवश छूट गई थी जिसे **नेशनल स्किल डेवलमेंट कारपोरेशन (मिनिस्ट्री ऑफ स्किल डेवलपमेंट, भारत सरकार का उपक्रम)** सुधार कर पढ़ा जाए।

# मेहनत जरूर करें सफलता या असफलता बाद की बात है : मेहरा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| दल्लीराजहरा

■ प्रशिक्षण ले रहे खिलाड़ियों का बढ़ाया उत्साह, अच्छे खेल के लिए दिए टिप्स

विकासखंड डौंडी अंतर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चिखली में चल रहे ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर के बाईसवें दिन जिला खेल अधिकारी बालोद शिक्षा विभाग किशोर मेहरा निरीक्षण में पहुंचे। उन्होंने शिविर में संचालित गतिविधियों को देखा तथा सुचारू एवं सतत संचालन के लिए बधाई दी। जिला खेल अधिकारी बालोद किशोर मेहरा ने बच्चों को खेल के प्रति लगाव रखने एवं राज्य व राष्ट्रीय स्तरीय फुटबाल प्रतियोगिता में बेहतर खेलने के टिप्स बताए। श्री मेहरा ने कहा कि हम सभी को मेहनत जरूर करनी चाहिए, सफलता, असफलता बाद की बात है। खेल से मन मस्तिष्क व पूरा शरीर स्वस्थ्य रहता है। खेल से मानसिक तनाव भी दूर होते हैं। कार्यक्रम के दौरान संजय ठाकुर व टोमन विनायक ने बच्चों को यातायात नियमों व पर्यावरण संरक्षण की जानकारी दी। इस अवसर पर जिला खेल समन्वयक सपन जेना, बरही व्यायाम शिक्षक चन्द्रशेखर नेताम, संजय ठाकुर, के कुमार, टोमन विनायक, मुख्य कोच नीलेश गौर, सहायक कोच जगप्रीत संधू, मेन्टर चन्द्रशेखर पवार एवं सभी बच्चे उपस्थित थे।

### चिखली में आयोजित खेल प्रशिक्षण शिविर में पहुंचे जिला खेल अधिकारी



#### चिखली की टीम ने जीती मैत्री मैच

मंगलवार को युनिक स्पोर्ट्स क्लब डौण्डी व चिखली के बीच मैत्री मैच का आयोजन किया गया।25-25 मिनट के इस मैच में पहले हाफ तक दोनों ही टीमों ने एक दूसरे के पोस्ट में गोल मारने का प्रयास किया, परन्तु सफलता नहीं मिली। दूसरे हाफ में चिखली ने आक्रमक खेलते हुए 1-0 से बढ़त बना ली। उसके बाद डौण्डी ने भी गोल बराबर करने अनेक आक्रमण किया, पर सफलता नहीं मिल पाई। इस तरह चिखली ने जीत हासिल की। जिला खेल अधिकारी ने विजेता टीम के पांच बच्चों को फुटबाल शूज देने की घोषणा की। रनर अप टीम को पुरस्कार स्वरूप बाल देकर सम्मानित किया।

### खबर संक्षेप

#### आंधी के बाद बारिश से खुशनुमा हुआ मौसम

**डौंडीलोहारा।** क्षेत्र में मंगलवार शाम मौसम ने एकाएक करवट बदली। शाम लगभग 7 बजे जोरदार आंधी चली। उसके 15-20 मिनट बाद जोरदार बारिश भी शुरू हो गई। समाचार लिखे जाने तक आंधी-बारिश जारी थी। उधर, दिन भर गर्मी और उमस से परेशान लोगों को बारिश से राहत मिली। दिनभर तपती गर्मी ने हलकान कर दिया था, शायद इस मौसम का सबसे गर्म दिन रहा होगा। वर्षा के कारण मौसम खुशनुमा हो चला था। वहीं, दूसरी ओर रबी फसल के धान की कटाई व मिंजाई के बीच हुई बारिश ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है। इस बेमौसम बारिश के कारण भारी नुकसान की आशंका किसानों ने जताई है।

#### युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**भिलाई।** युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया है। सुपेला पुलिस ने बताया कि सुपेला निवासी अजय ठाकुर प्लाईवुड का काम करता है। रविवार रात में पति पत्नी के बीच जमकर विवाद हुआ। इसके बाद पत्नी ने डायल 112 में फोन कर दिया था। पुलिस रात में आई और जब पता चला की मामला पति-पत्नी के बीच विवाद में दोनों को समझाकर चली गई। सोमवार सुबह फिर से दोनों पति पत्नी आपस में विवाद हो गया। नाराज होकरअजय अपने कमरे में चला गया और दरवाजा को बंद कर लिया। जब काफी देर तक वह बाहर नहीं निकला तो पत्नी ने दरवाजा खुलवाया। जब अंदर से कोई आवाज नहीं आई तो खिड़की से झांककर देखने पर अजय फांसी पर लटका दिखा। मौके पर पहुची पुलिस ने शव का पंचनामा कर उसे पीएम के लिए भेज दिया।

#### कार का कांच तोड़कर नकदी पार

**भिलाई।** कार के पीछे का हिस्सा तोड़कर दस्तावेज और नगदी रकम पार करने का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ 379,427 के तहत जुर्म दर्ज किया है। सुपेला पुलिस ने बताया कि कैलाश नगर हाउसिंग बोर्ड जामुल निवासी दीपक शर्मा ने शिकायत किया है कि 19 मई की रात अपने ससुराल लक्ष्मीनगर शीतला तालाब सुपेला आया था। कार को शीतला तालाब मंदिर के पास खड़ी कर ससुराल चला गया। वापस लौटने पर देखा कार का सीसा टूटा पड़ा था। कार के पीछे सीट में एक काला रंग का बैग रखा हुआ था। जिसमें कुछ कागजात नगदी 12 हजार रुपए गायब मिला।

#### टहलने निकले युवक की सड़क हादसे में मौत

**भिलाई।** घर से रात में टहलने निकले दो युवकों को बाइक सवार ने पीछे से जोरदार ठोकर मार दिया। हादसे में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई। दूसरे युवक को गंभीर चोट आई है। शिकायत पर पुलिस ने बाइक चालक के खिलाफ धारा 279, 337, 304 ए के तहत जुर्म दर्ज किया है। पाटन पुलिस ने बताया कि ग्राम पाटन वार्ड 7 निवासी ईश्वर ठाकुर रोजी मजदूरी का काम करता है। पुलिस में शिकायत किया है कि 19 मई की रात निकेश ठाकुर ग्राम लोहरसी ने फोन कर सूचना दिया कि शिवचरण ठाकुर का एक्सीडेंट हो गया है। जो ग्राम झीट के अस्पताल उपचार के लिए ले जाया गया है। शिवचरण ठाकुर दोस्त प्रवेश यादव के साथ घर से खाना खाकर डोकरी तालाब की ओर टहलने निकले थे।

### मंगलवार रात धमतरी जिले को पार कर बालोद जिले के सीमावर्ती क्षेत्र में पहुंचा हाथी

# विखं गुरुर के वनांचल क्षेत्रों में दंतैल ने दी दस्तक, ग्रामीणों में दहशत, विभाग मुस्तैद


हरिभूमि न्यूज ▸▸| बालोद

■ कोतवाल के माध्यम से मुनादी करवाकर ग्रामीणों को किया जा रहा सतर्क

जिले के गुरुर ब्लॉक के वनांचल क्षेत्रों में दंतैल हाथी ने बीते रात फिर दस्तक दी है। वहीं, हाथी के पहुंचने की जानकारी मिलने के कारण वनांचल क्षेत्र के ग्रामीणों में दहशत नजर आने लगा है, क्योंकि हाथी ग्रामीण अंचल से लगे जंगल में विचरण कर रहा है।

हा लां कि दंतैल हाथी के आने से जनहानि नहीं हुई है, लेकिन विचरण करने के दौरान किसान के खेतों में लगी फसल को कुछ नुकसान पहुँचा है। वहीं, वन विभाग द्वारा आम नागरिकों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए कोतवाल के माध्यम से मुनादी करवाई जा रही है। इसके साथ ही हाथी विचरण क्षेत्र में राहगीरों को आने-जाने से रोकने का प्रयास किया जा रहा है। वन विभाग से मिली जानकारी के अनुसार हाथी गुरुर वन परिक्षेत्र में आने के बाद जंगल के बीच में विचरण कर रहा है। उस पर नजर रखने के लिए वन विभाग की टीम मौजूद है। वर्तमान में किसी भी तरह से जन हानि नहीं हुई है। ज्यादा मात्रा में फसलों की भी हानि नहीं हुई है। लेकिन, हाथी के आने से वनांचल क्षेत्र के ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। वहीं, किसान भी फसलों की सुरक्षा को लेकर चिंतित हैं। हालांकि वन विभाग द्वारा हाथी विचरण क्षेत्र में मुनादी कराकर और पेट्रोलिंग के माध्यम से वन कर्मियों की टीम निगरानी बरतने में लगी हुई है।

#### हाथी पर नजर रख रही है वन विभाग की टीम



#### अलर्ट मोड पर रखे गए हैं ये गांव

हाथी एमई 03 का वर्तमान लोकेशन कक्ष क्र. आरएफ 24 बताया जा रहा है। इसके कारण ग्राम धानापुरी, ओडेनाडीह, नगबेल, गोटाटोला, कंकालिन, रूपुटोला, हितेकसा, नगझर, मंगचुवा, करियाटोला, नाहंदा, कोसमी, पेटेचुवा, भेजा जंगली को अलर्ट मोड पर रखा गया है।

#### दो महीने के बाद हाथी ने दस्तक दी

वन विभाग से मिली जानकारी के अनुसार हाथी ने मंगलवार की रात अचानक धमतरी जिले को पार कर बालोद जिले के सीमावर्ती क्षेत्र में दस्तक दी। हाथी की सतत निगरानी वन कर्मियों द्वारा की जा रही है। वहीं, हाथी का आगमन इससे पहले मार्च महीने में होली त्यौहार के समय हुआ था। उस समय वह एक ही दिन में जिले को पार कर महाराष्ट्र राज्य के सीमावर्ती क्षेत्र में चला गया था। लेकिन, अब दो महीने बाद फिर धमतरी जिले को पार कर बालोद जिले के गुरुर वन परिक्षेत्र के वनांचल क्षेत्रों में आ पहुँचा है।

# पीआरपी की कार्यप्रणाली से महिला कैडर नाराज कलेक्टर से की शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कुसुमकसा

■ अभद्रता और वित्तीय अनियमितताओं की जांच व कार्रवाई के लिए सौंपा ज्ञापन

महिलाओं की आर्थिक स्थिति सदृढ़ कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के लिए शासन द्वारा सहायता समूह के माध्यम से नित नई योजनाओं का संचालन किया जा रहा है। वहीं, आदिवासी अंचल में जिम्मेदार विभागीय अधिकारी योजनाओं पर पलीता लगाने में लगे हैं।

आदिवासी विकासखंड डोंडी के कुसुमकसा कलस्टर नया सबेरा महिला संकुल संगठन के अंतर्गत पदस्थ पीआरपी द्वारा कार्यप्रणाली से नाराज संकुल के कैडरों ने उनके स्थानांतरण के साथ बरती गई, वित्तीय अनियमितताओं की 13 बिंदुओं में जांच कर उचित कार्रवाई की मांग की है। इसके लिए उन्होंने कलेक्टर बालोद को ज्ञापन भी सौंपा था। लेकिन, ज्ञापन सौंपे जाने के 8 दिन बाद भी किसी तरह की कार्रवाई नहीं होने से महिला सदस्यों में नाराजगी दिख रही है।

महिला सदस्यों ने दिए गए ज्ञापन में पदस्थ पीआरपी पर संकुल बैठक में कैडरों की समीक्षा बैठक में अभद्र व्यवहार करने, संकुल स्तर में राशि प्राप्त होने के बाद भी महिला कैडरों के मानदेय में कटौती कर राशि उनके खाते में डालने का आरोप लगाया है। इसके साथ ही कहा है कि पूरे माह कार्य करने बाद भी कार्य से निकाले जाने की धमकी दी जाती है। वहीं, उन्होंने आरोप लगाया है कि संकुल स्तर पर शासन द्वारा कब-कब कितनी राशि कौन-कौन से मद में आती है व उन राशि को कहां खर्च किया जाता है की जानकारी महिला कैडरों द्वारा मांगे जाने पर कहा जाता है कि महिला कैडरों को हिसाब मांगने का अधिकार नहीं है। इसके साथ ही अन्य अनेक आरोप महिला कैडरों ने लगाए हैं। महिलाओं ने इसकी जांच कर कार्रवाई की मांग कलेक्टर से की है। इसके साथ ही शिकायत की जल्द जांच करवाकर उचित कार्रवाई करने तथा पी आर पी को अन्यत्र स्थानांतरित कराने की मांग की गई है। ज्ञापन सौंपने वालों में अमाय नागवंशी, यादबाई मानकर, लीला धनकर, टोमेशवारी, मालती मरकाम, हेमा मालिया, प्रमिला रावते

▸▸| शेष पेज 13 पर

# शराब की अवैध बिक्री व परिवहन के दो मामलों में 3 आरोपी पकड़ाए

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बालोद

■ मुखबिर की सूचना पर बालोद पुलिस ने की कार्रवाई

जिला पुलिस ने अवैध रूप से शराब ब्रिकी व परिवहन करने 2 प्रकरणों में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों से कुल 70 नग देशी प्लेन पौवा एवं घटना में प्रयुक्त मोटरसायकिल जब्त की गई है।

थाना प्रभारी बालोद निरीक्षक रविशंकर पाण्डेय के नेतृत्व में थाना स्तर पर गठित टीम को सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम लाटाबोड़ अटल चौक के पास अवैध रुप से शराब बेची जा रही है। सूचना पर बताए गए स्थान की घेराबंदी कर आरोपी ग्राम लाटाबोड वार्ड क्र 02.निवासी छोटे लाल साहू 74 साल के कब्जे से देशी प्लेन शराब कुल 21 नग एवं बिक्री रकम 400 रूपए बरामद कर धारा 34(1) ख आबकारी एक्ट कायम किया गया है। इसी तरह 20 मई को टाउन पेट्रोलिंग के दौरान एक मोटर सायकल में 2 व्यक्तियों को अवैध रूप से अधिक मात्रा में शराब रखकर परिवहन करने की सूचना प्राप्त होने से हीरापुर मोड़ के पास घेराबंदी कर पकड़ा गया। इस दौरान ग्राम देवीनवागांव निवासी हेमंत यादव 43 साल व ग्राम लाटाबोड़ निवासी रामसिंग साहू 55 साल के कब्जे से 48 पौवा देशी शराब बरामद किया गया। वहीं, घटना में प्रयुक्त मोटर सायकल सीजी 24 यू 0631 कीमती 55000 रूपये को जब्त कर थाना बालोद में धारा 34(2) आबकारी एक्ट कायम किया गया।

# सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए करें प्रभावी उपाय : चंद्रवाल

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बालोद

■ समय-सीमा की बैठक में कलेक्टर ने विभागीय अधिकारियों को दिए निर्देश



कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने बालोद जिले को दुर्घटना मुक्त जिला बनाने के अभियान में जिले के सभी अधिकारी-कर्मचारियों को सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करने को कहा है। ताकि जिले में सड़क दुर्घटना की रोकथाम की प्रभावी उपाय सुनिश्चित की जा सके।

कलेक्टर चन्द्रवाल ने संयुक्त जिला कार्यालय सभाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक में उपस्थित अधिकारियों एवं विभाग प्रमुखों को उक्ताशय के निर्देश दिए हैं। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. संजय कन्नौजे, अपर कलेक्टर चन्द्रकांत कौशिक सहित राजस्व अनुविभागीय अधिकारियों के अलावा अन्य अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में कलेक्टर ने जिले में सड़क दुर्घटना की रोकथाम के उपायों के संबंध में विस्तृत चर्चा कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। चन्द्रवाल सड़क सुरक्षा के उपायों के अंतर्गत आम लोगों को हेलमेट पहनने के लिए प्रेरित करने हेतु मोटर सायकल से कार्यालय आने वाले सभी अधिकारी-कर्मचारियों के लिए हेलमेट का उपयोग अनिवार्य कराने के भी निर्देश दिए।

कलेक्टर ने जिले के सभी अधिकारी-कर्मचारियों के अलावा मोटर सायकल का उपयोग करने वाले सभी लोगों के लिए हेलमेट का उपयोग अनिवार्य करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारियों को सड़क सुरक्षा के उपायो के संबंध में जानकारी देने हेतु दीवाल लेखन एवं फ्लैक्स आदि लगवाने के भी निर्देश दिए। चन्द्रवाल ने जिले के सभी अधिकारी-कर्मचारियों को जिले को दुर्घटना मुक्त बनाने के इस महति अभियान में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने को कहा। बैठक में कलेक्टर चन्द्रवाल के निर्देशानुसार जिला शिक्षा अधिकारी के द्वारा शिक्षा गुणवत्ता में सुधार के लिए शिक्षा विभाग द्वारा निर्धारित किए गए लक्ष्य एवं उपलब्धियों के संबंध में पावर प्वॉइंट प्रेजेंटेशन माध्यम से जानकारी दी गई। इस दौरान जिला शिक्षा अधिकारी के द्वारा जिले में शिक्षा गुणवत्ता के सुधार के लिए शिक्षा विभाग के द्वारा निर्धारित किए गए लक्ष्य एवं उपलब्धियों के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई।

#### शिक्षा गुणवत्ता के लिए करें पुख्ता उपाय

जिला शिक्षा अधिकारी ने विद्यार्थियों के लिए आगामी शिक्षा सत्र में अध्ययन-अध्यापन की अनुकूल व्यवस्था के अलावा गणवेश, पाठ्यपुस्तक, मध्याह्न भोजन का संचालन आदि के संबंध में जानकारी दी। इसके अलावा शाला भवनों के निर्माण एवं मरम्मत कार्य आदि की भी जानकारी दी। कलेक्टर ने जिला शिक्षा अधिकारी को जिले में शिक्षा गुणवत्ता के सुधार के लिए पुख्ता उपाय सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।


### मौसम विभाग ने दी भीषण गर्मी के साथ तेज हवाएं चलने की चेतावनी

# नौतपा 25 से, इस बार खूब तपेगा सूरज

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बालोद

जिले में तपती धूप से जहां लोग काफी परेशान नजर आ रहे हैं, तो वहीं गर्मी के मौसम में पड़ने वाली सबसे तेज धूप और भीषण गर्मी का वह 9 दिन इस बार खूब तपेगा। नौतपा तीन दिनों बाद शुरू हो जाएगा, जो 25 मई से शुरु हो रहा है और 2 जून तक रहेगा। नौतपा में भीषण गर्मी पड़ने की आशंका जताई जा रही है।

हालांकि तेज हवाओं तथा बूंदाबांदी होने के भी आसार हैं। जानकारों के अनुसार जब भी सूर्य जेठ माह में चंद्रप्रधान रोहणी नक्षत्र में प्रवेश करता है तो सूर्य की तेज गर्मी और चंद्र की आर्द्रता का योग बनता है। इससे भीषण गर्मी तथा कम दबाव का क्षेत्र बनता है। तेज हवाओं के साथ हल्की बारिश की स्थिति बनती है। जिले में गर्मी बढ़ते ही स्वास्थ्य विभाग ने पहले से ही आम नागरिकों से सावधानी बरतने कई बिंदुओं में एडवायजरी जारी करते हुए पालन करने अपील की है। गौरतलब है कि मई महीने में मौसम में लगातार उतार-चढ़ाव देखने को मिल रहा। 25 मई से नौतपा शुरु हो रहा है। लेकिन, नौतपा के पहले ही गर्मी बढ़ते देख स्वास्थ्य विभाग ने लू से बचने तमाम तरह के सावधानी बरतने दिशानिर्देश जारी किए हैं।



#### तापमान में हो रहा उतार-चढ़ाव

मौसम में लगातार उतार-चढ़ाव देखने को मिल रहा है, लेकिन बीते दो दिनों से मौसम साफ है और गर्मी तेज हो गई है। आगामी 48 घंटे में जिले में तापमान में बढ़ोतरी होने की आशंका जताई गई है। बता दें कि जिले का अधिकतम तापमान मई में 42 डिग्री तक पहुंचा है।

#### मासूम के साथ अश्लील हरकत, 5 वर्ष की सजा

**भिलाई।** मासूम बच्ची के साथ छेड़छाड़ कर अश्लील हरकत करने वाले आरोपी को दुर्ग न्यायालय ने पांच साल की सजा दी है। मिली जानकारी के मुताबिक अपर सत्र न्यायाधीश चतुर्थ एफटीसी श्रीमती संगीता नवीन तिवारी की कोर्ट ने 60 वर्षीय आरोपी रायपुर नाका पदमनाभपुर निवासी मदन यादव 8 अगस्त 2023 की शाम 6 वर्षीय मासूम बच्ची के साथ छेड़खानी कर अश्लील हरकत कर रहा था। इस दौरान बच्ची के पडोस में बर्थ डे की पार्टी चल रही थी। बच्चीं भी इसमें शामिल होने पहुची थी। अचानक बिजली गुल होने से आरोपी मदन इसका लाभ उठाते हुए बच्ची के साथ छेड़खानी कर अश्लील हरकत किया। बच्चीं ने घटना की जानकारी परिजनों को दिया। अभियोजन पक्ष की ओर से विशेष लोक अभियोजक संतोष कसार ने पैरवी की थी।

पाठक सूचना

बालोद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

9425559113, 9425565082

दल्लीराजहरा - 9993246100

RPR_Bhoomi_21_2024-02_Layout 1 5/21/2024 10:25 PM Page 1



# दुर्गम इलाकों में डाक्टर नियुक्त करने सीआरएमसी योजना, प्रोत्साहन राशि ही देना भूला विभाग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर


दुर्गम और कठिनतम इलाकों में स्वास्थ्य सेवा की सुविधा बढ़ाने लाई कई सीआरएमसी योजना में डाक्टरों की नियुक्ति कर दी गई है, मगर उन्हें प्रोत्साहन राशि देना स्वास्थ्य विभाग भूल गया। करीब ढाई सौ डाक्टर तिमाही किस्त के रूप में मिलने वाले तीन से तीस हजार रुपए के इंटेसिव का इंतजार पिछले एक साल से कर रहे हैं।

जानकारी के अनुसार वर्ष 2017 में छत्तीसगढ़ रूरल मेडिकल कोर योजना को संशोधित कर लागू किया गया था। इसका उद्देश्य छत्तीसगढ़ के सीमावर्ती सहित उन इलाकों में रहने वालों को बेहतर स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध कराना था, जहां डाक्टर सहित अन्य चिकित्सकीय स्टाफ सेवा देने से कतराते थे। इसके लिए अलग से प्रोत्साहन राशि की घोषणा की गई थी। चिकित्सा विशेषज्ञ से लेकर नर्सिंग स्टाफ से लेकर एएनएम तक थी। योजना के तहत नियमित और बांडेड मिलाकर करीब ढाई सौ डाक्टर सेवा दे रहे हैं और उन्हें अपनी प्रोत्साहन राशि मिलने का इंतजार है। इस राशि का भुगतान जिला स्तर पर बीएमओ से लेकर सीएमएचओ तक विभिन्न प्रक्रिया पूरी करने के बाद प्रत्येक तीन माह में ऑनलाइन किया जाना था, मगर सीआरएमएसी चिकित्सकों को पिछले एक साल से इसका भुगतान नहीं किया गया है। चिकित्सक इस योजना की तहत मिलने वाली प्रोत्साहन राशि पाने के लिए इधर-उधर भटक रहे हैं।

## छत्तीसगढ़ रूरल मेडिकल कोर योजना, लगभग ढाई सौ डाक्टर कर रहे काम

### कलेक्टर से लेकर हेल्थ मिनिस्टर तक मिल चुके

चिकित्सकों ने बताया कि धमतरी, सूरजपुर, बलरामपुर, एमसीबी, सरगुजा, जशपुर, एमएमएसी, मुंगेली, बस्तर, कोरबा और जांजगीर-चांपा जिले के सीआरएमसी योजना के तहत दुर्गम इलाकों के स्वास्थ्य केंद्रों में ड्यूटी करने वाले डाक्टर इससे प्रभावित हैं। इस मामले में वे संबंधित जिलों के सीएमएचओ, कलेक्टर से मुलाकात कर चुके हैं, मगर समस्या का समाधान नहीं हुआ है।




### क्षेत्र में निवास और परफॉर्मेंस जरूरी

योजना के तहत प्रोत्साहन राशि का भुगतान चिकित्सकों के संबंधित स्वास्थ्य केंद्र वाले क्षेत्र में निवास करने और उपचार व्यवस्था में बेहतर फरफारमेंस के आधार पर किया जाता है। इसके लिए जिला स्वास्थ्य समिति द्वारा तिमाही बैठक की जाती है। चिकित्सकों के अनुसार उन्हें शेष सारी प्रक्रिया पूरी की जाती है, मगर उनके खाते में प्रोत्साहन राशि का भुगतान अब तक नहीं किया गया है।

## खबर संक्षेप

### नक्सल मामले में भाजपा सरकार दिग्भ्रमित

**रायपुर।** प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा, नक्सल मामले में भाजपा की सरकार दिग्भ्रमित है। मुख्यमंत्री और गृहमंत्री का बयान आया है कि उनकी सरकार



नक्सलियों के लिये नई पुनर्वास नीति लाने जा रही है। सरकार ने 5 महीने में कोई नक्सल नीति नहीं बनाई है। पूर्ववर्ती सरकार की नीति जो पूरी तरह से सफल थी, उसको भाजपा सरकार ने खारिज कर दिया है। पुरानी नीति खारिज करने के बाद अभी तक अपनी कोई नीति घोषित नहीं की है। सरकार पुनर्वास नीति लेकर आये, उसके पहले नक्सल नीति तो घोषित की जाये। जब नक्सल नीति घोषित करेंगे, तब पुनर्वास नीति बनेगी, यह उसका अंश है। अभी नक्सल नीति नहीं बनाई है और दावा कर रहे पुनर्वास नीति लेकर आयेंगे। अनिर्णय वाली इस स्थिति से इस गंभीर समस्या का समाधान नहीं हो सकता।

### प्रतिनियुक्ति से लौटी ऋचा एसीएस वन

**रायपुर।** केंद्रीय प्रतिनियुक्ति से लौटी आईएएस ऋचा शर्मा को राज्य सरकार ने अपर मुख्य सचिव (एसीएस) वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के रूप में पदस्थ किया है। अब तक यह दायित्व मनोज कुमार पिंगुआ के पास था। ऋचा शर्मा के पदभार ग्रहण करने के बाद श्री पिंगुआ वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के दायित्व से मुक्त होंगे। उनके पास अपर मुख्य सचिव गृह, जेल, तथा लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण तथा चिकित्सा शिक्षा विभाग का दायित्व बना रहेगा।

### संक्रामक रोग की रोकथाम के लिए अभियान

**रायपुर।** नगर निगम के 70 वार्डो में बारिश से पूर्व संक्रामक रोगों की रोकथाम के लिए नगर निगम जागरूकता अभियान चलायेगा। निगम आयुक्त अबिनाष मिश्रा ने अधिकारियों को सभी वार्डों में संक्रामक रोगों की संभावनाओं को ध्यान में रखकर अभियान चलाने निर्देश दिये हैं। आयुक्त ने इसके लिए जोन कमिश्नरों को नोडल अधिकारी बनाया है। आयुक्त ने नगर निगम क्षेत्र के 70 वार्डों में स्थित निजी एवं सार्वजनिक कुओं में सप्ताह में दो बार ब्लीचिंग पावडर डालकर जल को कीटाणु रहित करने निर्देश दिये। जोन 7 कार्यालय में स्वच्छता कर्मियों को पर्यावरण संरक्षण लिए कपड़े की थैलियों का वितरण स्मार्ट सिटी की ब्रांड एंबेसेडर शुभांगी आप्टे ने किया। इस मौके पर उन्होंने स्वच्छता कर्मचारियों को शपथ भी दिलवाई।

### स्वामी आत्मानंद स्कूल के संविदा कर्मियों को तीन माह से वेतन नहीं

**रायपुर।** प्रदेश में 403 स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम उत्कृष्ट स्कूलों में लगभग पांच हजार संविदा कर्मचारियों को विगत तीन माह से वेतन नहीं दिया जा रहा है, वहीं इन स्कूलों में प्रतिनियुक्ति पर पदस्थ शासकीय कर्मचारियों को प्रतिमाह वेतन मिल रहा है। इस संबंध में छत्तीसगढ़ पैरेंट्स एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष क्रिष्टोफर पॉल ने नवपदस्थ संचालक दिव्या मिश्रा को पत्र लिखकर तत्काल राशि आवंटित करने की मांग की है। श्री पॉल ने बताया कि पांच हजार संविदा कर्मचारियों को तीन माह से वेतन नहीं मिलने से उनकी आर्थिक स्थिति लगातार बिगड़ती जा रही है।


### सिंधु पैलेस में कंवर जो मेलो 2 जून को, तैयारी में जुटे

**रायपुर।** कटोरा तालाब स्थित संत कंवरराम सेवा संकल्प के कार्यालय में रविवार को कार्यकारिणी की बैठक हुई। बैठक में उपस्थित लोगों ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि आगामी 2 जून को सिंधु पैलेस शंकर नगर में प्रस्तावित कंवर जो मेलो का भव्य आयोजन किया जाएगा, इसकी तैयारी के लिए सेवादारियों को जिम्मेदारी दी गई है। इस आयोजन का शुभारंभ 2 जून को शाम 4 बजे पूज्य कंवरधाम अमरावती के प्रमुख साईं राजेश लाल, संत शदाणी नगर के डॉ. साईं युधिष्ठिरलाल, महंत अम्मा मीरादेवी, साईं लाल दास, छग साधु समाज एवं मसंद सेवाश्रम के प्रमुख साईं जलकुमार मसंद के सानिध्य एवं सिंधी समाज की गरिमामयी उपस्थिति में होगा।

## प्रशिक्षण स्थल में बनाया गया मतगणना हॉल का मॉडल

# वोटों की काउंटिंग के लिए दी गई आरओ एआरओ सहित अन्य अधिकारियों को ट्रेनिंग





हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर जिले की लोकसभा चुनाव-2024 की मतगणना 4 जून को सेजबहार स्थित शासकीय इंजीनियरिंग कॉलेज में होगी। इसके लिए सोमवार को न्यू सर्किट हाउस ऑडिटोरियम में प्रशिक्षण कैंप आयोजित किया गया, जिसमें रायपुर जिले के 7 विधानसभा क्षेत्र के अलावा बलौदाबाजार-भाटापारा विधानसभा क्षेत्र के आरओ, डिप्टी डीईओ, एआरओ, एएआरओ, ईव्हीएम प्रभारी, पीबी नोडल, टेबुलेशन प्रभारी, सुरक्षा नोडल, टेक्निकल टीम, मास्टर ट्रेनर, डीआईओ एवं डीपीआरओ सहित अन्य अधिकारियों को मतगणना का प्रशिक्षण दिया गया।

### मतगणना हाल का मॉडल बनाकर दिया गया प्रशिक्षण

ऑडिटोरियम स्थल पर अधिकारियों को प्रशिक्षण देने के लिए मतगणना हाल का मॉडल बनाया गया था। इसमें डाकमत पत्र गणना टेबल , ईवीएम का गणना टेबल एवं वीवीपैट काउंटिंग बूथ को दर्शाया गया है। मास्टर ट्रेनरों ने प्रशिक्षण के दौरान सभी अधिकारियों को डेमो दिखाते हुए मतों की गणना किस तरह से करना है और इस दौरान क्या-क्या सावधानी बरतनी है। इसकी जानकारी दी गई। प्रशिक्षक में राज्य निर्वाचन आयोग से आए प्रशिक्षक गीता दीवान, विनय अग्रवाल, उप मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी छत्तीसगढ़, रुपेश कुमार वर्मा, सहायक मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी छत्तीसगढ़, विनोद अगलावे, सिस्टम मैनेजर, मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी छत्तीसगढ़ ने मतगणना की प्रक्रिया को बारीकी से समझाया।

### मतगणना के हर राउंड में टेबुलेशन चार्ट में अभिकर्ता से लें हस्ताक्षर : गौरव सिंह

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ गौरव सिंह ने प्रशिक्षण कैंप को संबोधित करते हुए कहा कि लोकसभा चुनाव में मतदान का कार्य जिस कुशलता से संपन्न कराया है वह ऐतिहासिक है। इसमें मतदान कर्मियों को ट्राली इत्यादि तथा मतदान केन्द्र में जो सुविधा दी गई, उसका सकारात्मक प्रतिसाद मिला है। कलेक्टर ने कहा कि अब मतगणना होनी है, यह निर्वाचन का अंतिम और सबसे मुख्य हिस्सा है। इसे गंभीरतापूर्वक निर्वहन करें। सबसे मुख्य बात यह है कि मतगणना के दौरान संयमित व्यवहार करें। राजनैतिक दलों के अभिकर्ता को स्पष्ट जानकारी प्रदान करें। उन्होंने कहा कि हर राउंड के बाद उनके टेबुलेशन चार्ट पर अवश्य हस्ताक्षर लें।

### कर्मचारियों के लिए प्रशिक्षण कैंप 22 से 24 तक

मतगणना ड्यूटी में लगे कर्मचारियों को मतगणना के लिए प्रशिक्षण 22 से 24 मई को कलेक्टोरेट स्थित रेडक्रास भवन में दिया जाएगा। यह प्रशिक्षण कैंप जिला स्तर का होगा, जिसमें रायपुर जिले के वे कर्मचारी ही शामिल होंगे, जिनकी मतगणना में ड्यूटी लगी है।

# लोकसभा चुनाव में भाजपा छग से जीत रही सभी सीट




कांग्रेस अपने बुरे कर्मों का अभिशाप भुगत रही, देश की जनता मोदी के साथ : कश्यप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

वनमंत्री केदार कश्यप ने लोकसभा चुनावों के परिणाम को लेकर कहा, छत्तीसगढ़ की सभी 11 सीट भारतीय जनता पार्टी जीत रही है। रायपुर लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी बृजमोहन अग्रवाल प्रचंड मतों से जीत दर्ज करेंगे। यह सीट देश में सबसे ज्यादा वोटों से जीतने का रिकॉर्ड बनाने वालों की सूची में शामिल होगी। उन्होंने कांग्रेस पार्टी में चल रहे सर्वे को लेकर केदार कश्यप ने कहा कि कांग्रेस पार्टी अब खत्म होने की स्थिति में है। इनके पास नेताओं की भारी कमी है। उससे ज्यादा कमी गांधी परिवार के चरण चाटुकारों की है। इसीलिए गांधी परिवार की चरण वंदना करने वाले नेताओं का सर्वे कांग्रेस पार्टी द्वारा किया जा रहा है।

### ओडिशा में भी इस बार भाजपा सरकार

वन मंत्री केदार कश्यप ओडिशा में लगातार जनसंपर्क और विजय संकल्प रैली की। चुनाव परिणाम भाजपा ले पक्ष में है। उन्होंने कहा कि ओडिशा में भाजपा की डबल इंजन की सरकार बनने जा रही है। वहीं राज्य में कांग्रेस मुकाबले में भी नहीं है, उसे पूछने वाला कोई नहीं है। कांग्रेस पार्टी अपने आंतरिक कलह से निकल नहीं पाई है। वन मंत्री श्री केदार कश्यप ने कहा कि ओडिशा में भाजपा की लहर है।

### हताशा से उबर नहीं पा रही कांग्रेस

उन्होंने कांग्रेस नेत्री कुमारी शैलजा के नोटिस के मामले में कड़ी प्रतिक्रिया दी है। उनके करीबी व्यक्ति द्वारा छत्तीसगढ़ के भाजपा नेताओं को मानहानि के नोटिस मामले पर कहा, अरुण सिसोदिया ने भी पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को नोटिस दिया था, उसका क्या हुआ? कांग्रेसी नेता अपने बुरे कर्मों की वजह चुनाव हार रहे हैं। इस हताशा से कांग्रेस पार्टी उबर नहीं पा रही है। उन्होंने कहा, जनता के साथ कांग्रेस ने गलत किया है, तो जनता सजा जरूर देगी।

# गर्मी की छुट्टियों में बढ़ा सफर

## सप्ताहभर में 24 हजार यात्री दूसरे शहर रवाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



गर्मी की छुट्टियों में घूमने-फिरने ठंडे प्रदेश की ओर लोगों के जाने का सिलसिला लगातार जारी है। बीते सप्ताह रायपुर के स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट के जरिए 24 हजार से अधिक यात्री दूसरे शहर के लिए रवाना हुए। इस सप्ताह रायपुर से विभिन्न शहरों के लिए एयरक्राफ्ट 158 बार टेकऑफ हुए।

- घूमने-फिरने ठंडे प्रदेश की ओर, 158 बार टेकऑफ हुए एयरक्राफ्ट

माना जा रहा है कि मई के बाद जून के पहले पखवाड़े में रायपुर एयरपोर्ट के माध्यम से यात्रियों का बड़ी संख्या में आना जाना रहेगा। अभी यात्रियों की संख्या बढ़ने की एकमात्र वजह गर्मी की छुट्टियों को माना जा रहा है। छुट्टी की वजह से लोग इस महीने घूमने-फिरने का मन बनाते हैं और उनके बीच ठंडा प्रदेश आकर्षण का केंद्र होता है। अप्रैल के दूसरे पखवाड़े हवाई यात्रियों की संख्या बढ़ी हुई है और मई के पहले सप्ताह में तो आवाजाही करने वाले यात्री पचास हजार के करीब पहुंच गए थे। इस बार यात्रियों की संख्या 47 हजार 235 रही, जिसमें से 24 हजार यात्री तो दूसरे शहरों के लिए रवाना हुए और 23228 यात्री रायपुर लौटे। पिछले सप्ताह की तुलना में इस बार एक फ्लाइट की आवाजाही कम हुई। ट्रैवल्स कारोबार से जुड़े सूत्रों के अनुसार अगले महीने से बारिश की गतिविधि शुरू हो जाएगी और स्कूल खुलने का दौर भी शुरू हो जाएगा, जिसके बाद सफर करने वाले यात्रियों की संख्या में कमी आ जाएगी।

## एनएसयूआई के कई गुटों ने अलग-अलग समय में दिया ज्ञापन

# ऐसी गुटबाजी... किस्तों में सौंपा ज्ञापन बीकॉम रिजल्ट को लेकर थी नाराजगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर





पं.रविशंकर शुक्ल विवि में सोमवार को दिनभर ज्ञापन सौंपने का दौर चलता रहा। ये ज्ञापन किसी अलग-अलग संगठनों द्वारा नहीं बल्कि एनएसयूआई के ही अलग-अलग छात्रों के समूहों द्वारा दिए गए। गौरतलब है कि एनएसयूआई में लंबे वक्त से गुटबाजी की खबरें सामने आ रही हैं। सोमवार को इसका उदाहरण भी देखने को मिला, जब एक ही संगठन से होने के बाद भी छात्रों ने एक साथ ज्ञापन सौंपने के स्थान पर पृथक-पृथक रूप से रविवि प्रबंधन के समक्ष अपनी शिकायत दर्ज कराई। छात्रों के इन गुटों के शिकायत दर्ज करने के समय में कुछ ही मिनटों का अंतराल रहा। छात्रों के प्रदर्शन के इस तरीके से रविवि प्रबंधन भी हैरान नजर आया।

छात्रों के सभी गुटों के प्रदर्शन के दौरान विवि प्रबंधन में एहतियातन सुरक्षा बंदोस्त किए गए थे। आचार संहिता लागू होने के कारण छात्रों द्वारा केवल ज्ञापन ही सौंपा गया। किसी तरह का विरोध-प्रदर्शन अथवा नारेबाजी छात्रों द्वारा नहीं की गई। छात्रों के एक गुट ने जिला उपाध्यक्ष भोजराज चौहान के नेतृत्व में ज्ञापन सौंपा तो वहीं एक अन्य गुट द्वारा जिला महासचिव रजत ठाकुर की अगवाई में अपनी शिकायत रखी गई।

### दोबारा जांची जाएं उत्तरपुस्तिकाएं

एनएसयूआई का आरोप है कि रविवि द्वारा उत्तरपुस्तिकाओं के मूल्यांकन में लापरवाही बरती गई है। 16 मई को घोषित किए गए बीकॉम प्रथम वर्ष के परिणाम में 51 प्रतिशत छात्र अनुत्तीर्ण रहे हैं। सौंपे गए ज्ञापन में छात्रों ने कहा है कि जो परिणाम घोषित किए गए हैं, वे संतोषजनक नहीं हैं। आधे छात्रों को फेल कर दिया गया है। उनके साथ अन्याय होता हुआ सा प्रतीत हो रहा है। 30 छात्रों ने सूचना का अधिकार के अंतर्गत अपनी उत्तर पुस्तिका की सत्यापित प्रति प्राप्त करने के लिए आवेदन भी किया। छात्रों ने बीकॉम प्रथम वर्ष की उतरपुस्तिकाओं के पुनर्मूल्यांकन के लिए आग्रह किया है।

### ऐसी कोई बात नहीं

संगठन में गुटबाजी जैसी कोई बात नहीं है। छात्रों के पहुंचने के समय में पर्याप्त अंतर था। वे पृथक-पृथक महाविद्यालय के छात्रों का प्रतिनिधित्व करने पहुंचे थे।

**- शांतनु झा,** जिलाध्यक्ष, एनएसयूआई

## राज्य में हत्या, हत्या की कोशिश से तीन गुना से ज्यादा मामले रोड एक्सीडेंट के

# सड़क दुर्घटना की मैकेनिज्म जानकारी जिम्मेदारों को ऑनालाइन मिलेगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रोड एक्सीडेंट वाहन चालकों की लापरवाही की वजह से होती है, इसके साथ ही रोड एक्सीडेंट के और कई कारण होते हैं। एक्सीडेंट की घटना घटित होने के बाद डॉक्टरों की जिम्मेदारी से लेकर पुलिस की विवेचना तक महत्वपूर्ण होती है। एक्सीडेंट के कारण से लेकर पुलिस की विवेचना, चिकित्सकों की सतर्कता से लेकर रोड मैकेनिज्म का इंटिग्रेटेड रोड एक्सीडेंट डेटाबेस (ई-रेड) का इलेक्ट्रानिक डिटेल एक्सीडेंट रिपोर्ट (ई-डार) तैयार कर मौके से ही केंद्रीय मंत्रालय के साथ राज्य सरकार के पास भेजा जाएगा। इसे लेकर यातायात थाना में विवचकों की कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यशाला का आयोजन एसएसपी संतोष सिंह के निर्देश में किया गया, जिसमें जिले से सभी थानों के 87 विवेचक शामिल हुए। कार्यशाला की अध्यक्षता अंतर्विभागीय लीड एजेंसी के अध्यक्ष एआईजी संजय शर्मा ने की। कार्यशाला में ई-रेड, ई-डार के स्टेट रोल आउट मैनेजर सारंशा सिरके के साथ एएसपी ट्रैफिक ओम प्रकाश शर्मा सहित ट्रैफिक पुलिस के अफसर शामिल हुए। कार्यशाला की अध्यक्षता कर रहे संजय शर्मा के मुताबिक केंद्रीय मंत्रालय द्वारा एप विकसित करने का उद्देश्य एक्सीडेंट होने पर घटना स्थल पहुंचकर विश्लेषण कर एप में जुड़े परिवहन, पुलिस, सड़क निर्माण एजेंसी एनएचएआई, लोक निर्माण विभाग, नगर पालिक निगम एवं स्वास्थ्य विभाग को एक साथ जानकारी साझा करना है।



### ऐसे करेंगे एप का उपयोग

एक्सीडेंट होने पर विवेचक घटनास्थल पहुंचकर एप के माध्यम से आवश्यक जानकारी ऑनलाइन प्रविष्ट करेगा तथा घटनास्थल का फोटो एवं विडियो अपलोड करेगा। दुर्घटना का वास्तविक कारण जो मौके पर पता चलता है, उसमें यदि सड़क इंजीनियरिंग खामियों के कारण दुर्घटना हुई है, जिसमें सुधार की आवश्यकता हो तो थाना प्रभारी के माध्यम से सड़क प्राधिकार एजेंसी को ई-रेड, ई-डार एप से ही रिक्वेस्ट भेजेगा। इसके बाद संबंधित एजेंसी घटनास्थल पहुंचकर मुआयना करेगी तथा दुर्घटना रोकने उपाय करेगी।

### राज्य से लेकर केंद्र स्तर पर की जाएगी मॉनिटरिंग

एक्सीडेंट को लेकर एप में जो डेटा अपलोड किया जाएगा, उस डेटा का राज्य से लेकर केंद्र स्तर पर मॉनिटरिंग की जाएगी। साथ ही एक्सीडेंट का विश्लेषण कर सड़क दुर्घटना नियंत्रण के लिए कार्ययोजना तैयार कर राज्यों को निर्देशित करने की व्यवस्था की गई है। सड़क दुर्घटना में पीड़ितों को उपचार के लिए तत्काल हास्पिटल पहुंचाने की आवश्यकता होती है, जिसके कारण कई मामलों में संबंधित थाना को सूचना प्राप्त नही हो पाती। ऐसी स्थिति में हास्पिटल में चिकित्सकों की जिम्मेदारी तय की गयी है।

### फर्जी बीमा क्लेम पर अंकुश

ई-रेड, ई-डार में सड़क दुर्घटना प्रकरणों की जानकारी वाहन के संबंधित बीमा कंपनी एवं दावा अभिकरण को भी प्रेषित किये जाने का प्रावधान है, जिससे पीड़ितों को क्षतिपूर्ति का मुआवजा प्रदाय करने की कार्यवाही जल्द की जा सके। थानों के इस एप के माध्यम से दुर्घटना प्रकरणों की जानकारी बीमा कंपनी तथा दावा अभिकरण को भेजे जाने पर दुर्घटना की वास्तविक जानकारी हो पाएगी। इससे दुर्घटना के फर्जी दावों पर अंकुश लगेगा।

### इस अपराध से तीन गुना ज्यादा मौत रोड एक्सीडेंट में

गौरतलब है कि रायपुर जिले में वर्ष 2023 में हत्या तथा गैर इरादतन हत्या के कुल 155 मामले दर्ज किए गए हैं, जबकि वर्ष 2023 में रोड एक्सीडेंट में 507 लोगों ने अपनी जान गंवाई है। हत्या तथा गैर इरादतन हत्या के मामलों में पुलिस गंभीरता से जांच कर आरोपियों को जेल भेजने का काम करती है, वहीं रोड एक्सीडेंट के मामले में विवेचना के अभाव में मृतक के परिजनों का न्याय नहीं मिल पाता।

22052024-Isp-03_Layout 1 5/21/2024 10:23 PM Page 1



## खबर संक्षेप



### छग की योग टीम ने नेपाल में जीता गोल्ड मेडल सीएम ने दी शुभकामनाएं

**रायपुर।** इंडो-नेपाल योगा कॉम्पीटीशन में गोल्ड मेडल हासिल करने वाली छत्तीसगढ़ की योग टीम ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से उनके निवास कार्यालय में सौजन्य मुलाकात की। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि योग टीम के गोल्ड मेडल हासिल करना छत्तीसगढ़ के लिए गर्व का विषय है, उन्होंने टीम के सदस्यों को अपनी शुभकामनाएं दीं। खेल एवं युवा कल्याण मंत्री टंकराम वर्मा ने भी छत्तीसगढ़ की योग टीम की प्रदर्शन की सराहना करते हुए शुभकामनाएं दी हैं। गौरतलब है कि इस महीने 9 से 12 मई तक नेपाल में आयोजित हुए इंडो-नेपाल योगा कॉम्पीटीशन में छत्तीसगढ़ के 10 सदस्यीय टीम ने हिस्सा लिया था। इस प्रतियोगिता में टीम को गोल्ड मेडल से नवाजा गया है। इस टीम के कोच ज्योति दीपक कुंभारे हैं। योगा टीम में दिव्या जैन, प्रीत साव, पुष्पा साव, धमेश, छाया जैन, हेमलता, हर्षा, क्षमता शामिल हैं।

### ठंडे बस्ते में चली गई ई-कोर्ट की योजना

**रायपुर।** मेडिको लीगल मामलों में डाक्टरों को पेशी के लिए न्यायालय के चक्कर लगाने से मुक्ति दिलाने के लिए आंबेडकर अस्पताल में ई-कोर्ट योजना ठंडे बस्ते में चली गई। इसके लिए अस्पताल प्रबंधन और न्यायालय के बीच ऑनलाइन सिस्टम विकसित किया जाना था। लिंक नहीं मिलने की वजह से इस पर अब तक काम पूरा नहीं हो पाया है और चिकित्सकों को पेशी के रायपुर के साथ दूसरे जिले के न्यायालय जाना पड़ता है।

### अंतर्राष्ट्रीय धूम्रपान निषेध दिवस पर 31 को कार्यक्रम

**रायपुर।** अंतर्राष्ट्रीय धूम्रपान निषेध दिवस 31 मई जनसामान्य में धूम्रपान और तंबाकू सेवन करने की प्रवृत्ति पर प्रभावी नियंत्रण के लिए विभिन्न नशामुक्ति कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रमों का मुख्य उद्देश्य धूम्रपान से होने वाले दुष्परिणामों के प्रति समाज में जनचेतना विकसित करना है। समाज कल्याण विभाग के अधिकारियों ने बताया कि प्रदेश के समस्त जिलों में अंतर्राष्ट्रीय धूम्रपान निषेध दिवस पर नशामुक्ति के लिए विविध कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे ।

## पेज 9 का शेष

### पीआरपी की ...

ईश्वरी बाई, प्रीति यामले, मंगली बाई कोठारी सहित अन्य महिला कैडर शामिल थे। इस संबंध में जिला पंचायत बालोद के मुख्य कार्यपालन अधिकारी व जनपद पंचायत डोंडी के मुख्य कार्यपालन अधिकारी से मोबाइल से संपर्क करने का प्रयास किया गया, किंतु उनके द्वारा मोबाइल रिसीव नहीं किया गया।

## निधन

### ललता बाई साहू

**गुरूर।** ग्राम अरमरीकला निवासी ललता बाई साहू का निधन हो गया। वे अघनुराम साहू की पत्नी एवं डोमनलाल, डुलेश्वर की मां थीं। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया।

# आत्मविश्वास से सराबोर दुर्गा वाहिनी की सैकड़ों बहनों ने किया पथ संचलन





**बालोद।** विश्व हिन्दू परिषद् दुर्गा वाहिनी का 5 दिवसीय शौर्य शिविर का समापन मंगलवार को भव्य पथ संचलन के साथ हो गया। पथ संचलन पहले दोपहर 3 बजे प्रस्तावित था, लेकिन तेज लेकिन गर्मी को देखते हुए पथ संचलन शाम 6 बजे कर दिया गया। दुर्गा वाहिनी की बहनें निर्धारित समय पर शिविर स्थल से निकली एवं अपने निर्धारित पथ पर पथ संचलन करते हुए बढ़ी। पांच दिनों तक शिविर में सीखे आत्मरक्षा के गुर से बालिकाओं के चेहरे व उनके कदम आत्मविश्वास से सराबोर नजर आए। भारत माता की जय, वंदे मातरम्, जय भवानी–जय शिवाजी जैसे जोशीले उद्घोष के साथ निकली बालिकाओं के पथ संचलन का नगर में भव्य स्वागत किया गया। लगभग तीन किलोमीटर लंबी यात्रा का दर्जनों स्थानों पर नगरवासियों, विभिन्न सामाजिक व धार्मिक संगठनों के सदस्यों एवं आरएसएस व अनुषांगिक संगठन के सदस्यों ने पुष्प वर्षा के साथ भव्य स्वागत किया। पथ संचलन नगर भ्रमण के बाद वापस शिविर स्थल पर पहुंचा, जहां बौद्धिक चर्चा के साथ शिविर का समापन हुआ।

### विडंबना : कई सरकारी भवनों में नहीं लगा है सिस्टम, जहां है, वहां भी जर्जर

# रेनवाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम पर दोहरा मापदंड नागरिकों से अपेक्षा, शासकीय भवनों में उपेक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

शासन-प्रशासन आम जनता से अपने घरों में रैनवाटर हार्वेस्टिंग लगवाने, सोखपीट बनाने की अपेक्षा कर रहा है, लेकिन उनके खुद के भवनों में ऐसी व्यवस्था नहीं है। जहां है, वहां भी जर्जर स्थिति में है।

विकासखण्ड भू–जल स्तर के मामले में रेड जोन में है। यदि समय रहते भू–जल स्तर को बढ़ाने का कार्य नहीं किया गया, तो गंभीर जल संकट खड़ा हो सकता है। सभी इसके लिए जरूरी प्रयास जरूर कर रहे हैं, लेकिन बयानों तक ही, लेकिन धरातल पर कार्य करता हुआ कोई नहीं दिख रहा है।



वर्तमान में विकासखण्ड के प्रत्येक घरों से निकलने वाले पानी को जमीन के अंदर डालने सोखपीट बनवाने के लिए ग्रामीणों को प्रेरित करने का कार्य चल रहा है। पर सरकारी भवनों की छतों से गिरने वाले पानी को जमीन के अंदर डालने के लिए ठोस प्रयास कोई नहीं किया जा रहा है। सरकारी भवनों में जिला प्रशासन के निर्देश के बाद पूर्व में रैनवाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगवाया गया था, जो वर्तमान में जर्जर हालात में है, उसे ठीक कराने के प्रति जिम्मेदार अधिकारी उदासीन हैं। विकासखण्ड मुख्यालय में स्थित सरकारी भवनों का निरीक्षण किया गया, तो पाया गया कि यहां हार्वेस्टिंग सिस्टम ध्वस्त हो चुका है।

#### खण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालय में शो-पीस बना सिस्टम

खण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालय में लगा रैन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम ठीक प्रवेश द्वार पर लगाया गया है, लेकिन यह मात्र शो-पीस बना हुआ है। इसका पाइप टूट चुका है एवं सोखपीट भी अनुपयोगी है। यह सिस्टम जिस स्थान पर लगाया गया है, वह सड़क से दिखता है। इस सिस्टम के सामने से खण्ड शिक्षा विभाग के प्रमुख सहित सभी अधिकारी कर्मचारी प्रतिदिन निकलते हैं। इस टूटे पड़े सिस्टम पर सभी की नजर भी पड़ती ही होगी, लेकिन शिक्षा विभाग के अधिकारियों की लापरवाही के कारण सिस्टम टूटी-फूटी व जर्जर स्थिति में है। विभाग के शिक्षकों ने बताया कि यह बीते साल से ही जर्जर पड़ा हुआ है, पर विभाग ने कभी इसे बनवाने की दिशा में प्रयास नहीं किया।

## आंधी के साथ हुई झमाझम बारिश



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

मंगलवार को सुबह से देर शाम तक जहां लोग उमस भरी तेज गर्मी से हलाकान रहे, वहीं रात करीब 8.15 बजे अचानक गरज-चमक और तेज आंधी के साथ झमाझम बारिश शुरु हो गई। आंधी के कारण बिजली भी बंद हो गई। रात में अचानक हुई झमाझम बारिश से जहां उमस भरी गर्मी से राहत मिली तो वहीं जनजीवन प्रभावित भी हो गया।

ग्रामीण क्षेत्रों में दलहन-तिलहन की फसलों व फल के पेड़ों को इस बारिश से काफी नुकसान पहुंचने की आशंका जताई जा रही है। खासकर तैयार हो चुकी दलहन तिलहन व आम की फसल को बेमौसम बारिश से काफी नुकसान पहुंचेगा। गरज-चमक के साथ अंधड़ और झमाझम बारिश से जिले में कितना क्या नुकसान हुआ है, यह आज स्पष्ट हो पाएगा।


रात 8.15 बजे से शुरु हुई झमाझम बारिश का असर देर रात तक जिला मुख्यालय से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों तक इसका प्रभाव देखने को मिला। बारिश के साथ ही बिजली बंद होने से लोगों को दोहरी समस्या का सामना करना पड़ा।

## दोस्तों के साथ पिकनिक मनाने गया किशोर खारुन नदी में डूबा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

दुर्ग जिले के अमलेश्वर थाना क्षेत्र की खारुन नदी में डूबने से रायपुर के एक युवक की मौत हो गई। पुलिस मर्ग कायम कर मामले की जांच कर रही है। साथ ही किशोर के साथ पिकनिक मनाने गए अन्य लड़कों के साथ पूछताछ कर रही है। घटना रविवार देर शाम की बताई जा रही है।

पुलिस के मुताबिक गुढ़ियारी निवासी 17 वर्षीय सागर साहू की नदी में डूबने से मौत हुई है। पुलिस के अनुसार घटना दिनांक को सागर अपने अन्य दोस्तों के साथ काठाडीह में पिकनिक मनाने गया था। इसी दौरान पानी की गहाराई का अंदाजा लगाए बगैर सागर ने नदी में छलांग लगा दी। नदी गहरी होने के साथ पानी का बहाव तेज था। इसके कारण सागर नदीं में डूब गया। देर तक सागर के पानी से बाहर नहीं निकलने पर दोस्तों ने पुलिस को घटना की जानकारी दी। रात ज्यादा होने की वजह से गोताखोर सागर को नहीं ढूंढ पाए। सागर की लाश सुबह नदी में तैरती मिली। इसके बाद काफी देर तक दुर्ग के साथ रायपुर पुलिस सीमा विवाद के कारण सागर की लाश नदी से निकालने बचते रहे।



■ सीमा विवाद के चलते लाश पानी में घंटों तैरती रही

#### एक सप्ताह के भीतर दूसरी घटना

खारुन नदी में डूबने से मौत की एक सप्ताह के भीतर यह दूसरी घटना है। एक सप्ताह पूर्व रायपुरा के रहने वाले गौरव वर्मा की खारुन में डूबने से मौत की घटना सामने आई थी। गौरव भी अपने दोस्तों के साथ पिकनिक मनाने खारुन नदी के तट पर पहुंचा था। गौरतलब है कि गर्मी के दिनों में खारुन नदी के तट पर पिकनिक मनाने जाने वाले युवा नदी में पानी कम होने का अनुमान लगाते हुए नदी में छलांग लगा देते हैं, जिसकी वजह से जिन्हें तैराकी नहीं आती, उनकी नदी में डूबने से मौत हो जाती है।

### डीके अस्पताल के मरीजों को देना पड़ रहा शुल्क

**रायपुर।** बीमारी का इलाज कराने के लिए डीके सुपरस्पेशलिटी हास्पिटल आने वाले मरीजों को वहां निशुल्क जांच की सुविधा नहीं मिल रही है। यहां की जांच व्यवस्था निजी हाथों में होने की वजह से ओपीडी के मरीजों को भी रेडियोलॉजी, पैथालॉजी जांच के लिए पैसे खर्च करने पड़ रहे हैं। मरीज की आईपीडी सेवा के दौरान उन्हें आयुष्मान योजना का लाभ मिल पाता है। जबकि आंबेडकर अस्पताल में आने वाले मरीजों से इस तरह का शुल्क नहीं लिया जाता।

### सीसीटीवी बढ़ाने का इंतजार

**रायपुर।** लगातार चोरी की घटनाओं को रोकने के लिए आंबेडकर अस्पताल में सीसीटीवी की संख्या बढ़ाने की योजना को हरी झंडी देने का इंतजार किया जा रहा है। अस्पताल प्रबंधन द्वारा नई सीसीटीवी कैमरे की खरीदी की जा चुकी है और पुराने कैमरों को अपडेट करने का इंतजार किया जा रहा है। इस बार कैमरे ओपीडी गैलरी के साथ उन गलियारों में भी लगाने की योजना है जहां काफी गहमा गहमी होती है। माना जा रहा है कि कैमरों की संख्या बढ़ने के बाद यहां होने वाले अप्रिय घटनाओं पर काफी हद तक रोक लगाई जा सकेगी।

### शादी तय नहीं होने से नाराज सनकी पति ने पत्नी और बेटी को मार डाला

**रायपुर।** खरोरा थाना क्षेत्र के घेवरा गांव में एक नशेड़ी, सनकी पति ने बड़ी बेटी की शादी होने के बाद छोटी बेटी की शादी तय नहीं होने से नाराज होकर अपनी पत्नी तथा बेटी की कुल्हाड़ी मार कर हत्या कर दी। आरोपी पति को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। घटना सोमवार दोपहर की है। पुलिस के मुताबिक योगेश वर्मा को अपनी पत्नी जानकी तथा बेटी आरती की हत्या के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के अनुसार योगेश आदतन नशेड़ी होने के साथ सनकी मिजाज का था, वह अपनी पत्नी पर शंका करता था। इस वजह से योगेश का अपनी पत्नी के साथ आए दिन विवाद होता था। घटना दिनांक को योगेश ने अपनी पत्नी पर आरती की शादी तय नहीं होने देने का कारण मानते हुए विवाद किया। पति, पत्नी के बीच विवाद इतना गहरा गया कि योगेश अपनी पत्नी के साथ मारपीट करने लगा।

# स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी माध्यम स्कूल अछोली में शुरू हुआ समर कैंप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

शासन के निर्देशानुसार शासकीय आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी माध्यम स्कूल अछोली में छात्र छात्राओं की दक्षता को पहचान कर क्षमता विकास के लिए 20 से 29 मई तक समर कैंप का आयोजन किया जा रहा है। इस दौरान सुबह 7.00 से 9.30 बजे तक विभिन्न गतिविधियां कराई जा रही हैं।

शिविर में प्रथम दिवस 20 मई को विभा ठाकुर और मार्गेंद्र के मार्गदर्शन में योग और खेलकूद तथा दूसरे दिन 21 मई को आरएल तारम, श्री सहारे व श्री रजक के मार्गदर्शन में कम्प्यूटर शिक्षा दी गई। तृतीय दिवस 22 मई को यू के खरे के मार्गदर्शन में कैरियर गाइडेंस, चतुर्थ दिवस 24 मई को तृप्ति लता ठाकुर, संगीता दीवान, संध्या धनगुन के मार्गदर्शन में अभिव्यक्ति कौशल, पंचम दिवस 25 मई को देवांगन मैडम, प्रिया थूल के मार्गदर्शन में सांस्कृतिक गतिविधियां, षष्ठम दिवस 27 मई को एन के यादव, वीके गांवरे के मार्गदर्शन में यातायात नियमों की जानकारी दी जाएगी। इसी तरह सप्तम दिवस 28 मई को जेएस सिन्हा, यूएस खरे के



मार्गदर्शन में पर्यावरण संरक्षण, चित्रकला, निबंध अष्टम दिवस 29 मई को अमृत लाल वर्मा, अंबेश्वरी सिन्हा, नुपूर ठाकुर के मार्गदर्शन में स्वास्थ्य शिक्षा पर चर्चा की जाएगी। इन आठ दिनों में विभिन्न विषयों और विधाओं पर बच्चों को जानकारी दी जाएगी वहीं, उन्हें अपनी प्रतिभा प्रदर्शन का भी मौका मिलेगा।

#### पूरी उपस्थिति और बेहतर प्रदर्शन पर छात्र होंगे सम्मानित

संस्था के प्राचार्य आरएल तारम ने बताया कि समर कैंप चूंकि बच्चों के लिए स्वैच्छिक है, फिर भी बच्चों को अपने खाली समय का सदुपयोग करते हुए उपरोक्त गतिविधियों में शामिल होकर अपनी क्षमता का विकास करना चाहिए। श्री तारम ने बताया कि जो बच्चे पूरे आठ दिनों तक उपस्थित होकर समर कैंप में बेहतर प्रदर्शन करेंगे, उन्हें शाला की ओर से सम्मानित भी किया जाएगा।

### बच्चे खेल सहित विविध कलाओं का ले रहे प्रशिक्षण

**जामगांव आर।** स्वामी आत्मानंद विद्यालय जामगांव आर में शासन के आदेशानुसार ग्रीष्मकालीन में बच्चों की रचनात्मकता व उनमें छुपी हुई प्रतिभा को निखारने का एक सफल प्रयास किया जा रहा है। समर कैंप के माध्यम से बच्चों में नई नई चीजों को जानने की उत्सुकता बढ़ी है। इस अवसर पर पेंटिंग, क्राफ्टिंग, मेंहदी, योगा, टेली ग्राफी, स्पोकन इंग्लिश, इंडोर गेम्स कैरम, शतरंज, क्यूब गेम्स, जुम्बा, नृत्य, गायन वादन, विभिन्न गतिविधियों का आयोजन समर कैंप में कराया जा रहा है। संस्था के प्राचार्य राजेश पिल्लई ने कहा कि बच्चों के कौशल विकास एवं बच्चों के अंदर प्रतिभा को निखारने का एक सघन अवसर है। इस तरह की गतिविधियों से बच्चों में आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता, एकाग्रता, और संस्कार मिलता है। इस अवसर पर संकुल समन्वय रुपेश कुमार साहू, अंजली मौर्य, दीप्ति प्रधान, प्रधान पाठक सिंधु अनिल कुमार, खैरूननिशा खान, हेमा राजपूत, सिमरन कौर, सुरभि तिवारी, रचना तिवारी, राजेंद्र नाग, प्रियंका, रानी नादिनी और अमन पाटकर यह सभी उपस्थित रह कर इस समर कैंप को सफल बना रहे हैं।



एकता हॉस्पिटल एवं पैथालॉजी सेंटर
सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल धमतरी
बिजली ऑफिस, नहर के पास, रायपुर रोड धमतरी मो : 7067576396, 8319272982
ESIC CARD सुविधा उपलब्ध
आईसीयू, एम्बुलेंस व डिजिटल एक्सरे सुविधाएं 24 घंटे उपलब्ध
हड्डी रोग
मस्तिष्क रोग
कार्डियोलॉजिस्ट
डेंटल एवं मैक्सिलोफेशियल सर्जरी
प्लास्टिक सर्जरी
यूरोलॉजी की सुविधा उपलब्ध
आयुष्मान भारत से इलाज की सुविधा उपलब्ध

सिद्धीविनायक नवजात शिशु एवं बालरोग हॉस्पिटल
अम्बेडकर चौक के पास, रूद्री रोड, धमतरी (छत्तीसगढ़)
आयुष्मान भारत कार्ड द्वारा नि:शुल्क इलाज की सुविधा
डॉ. विजय रावत
(MBBS/DCH)
नवजात शिशु एवं बालरोग विशेषज्ञ
पूर्व चिकित्सक चंडीगढ़
14 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त नवजात शिशुओं का A/C प्राइवेट रूम की व्यवस्था एवं Ventilator की सुविधा
Multi Para Monitors / Bubble CPAP
Warmer Led Photo Therapy पीलिया के ईलाज के लिए
Centralized Oxygen एवं Suctioning की व्यवस्था
State of the art NICU including care for Preterm, Term
वातानुकुलित बच्चों का वार्ड
Low Birth Weight, Septic & Very Serious Newborn
प्रतिदिन समस्त टीकाकरण का उपलब्धता
24 घंटे पैथोलॉजी, फार्मेसी, X-Ray की सुविधा उपलब्ध
मो. 9981321524/7223011528
समय : सुबह 10.30 से शाम 9 बजे (रविवार शाम बंद)

Health Town
डॉ. टाकुर वुमन एंड चाइल्ड होम्योपैथिक क्लीनिक
Dr. Srishti Thakur
D/o Late Dr. Jitendra Thakur
For Appointment
7987959244
स्त्री रोग संबंधित समस्त समस्याएँ जैसे
PCOD|मासिक धर्म अनियमितता | अल्प स्त्राव मासिक|
इनफर्टिलिटी | बच्चने दानी की गांठ | स्तन की गांठ
सभी प्रकार के शिशु एवं बाल रोग जैसे
ADHD | AUTISM | व्यवहारिक चिकित्सा
टांसिल उम्र के हिसाब से वजन कम होना दांत निकलते समय की परेशानी रात को बिस्तर गीला की बीमारी इत्यादि।
शॉप नं.1,गोपिया पारा चौक, पटेल कॉम्प्लेक्स, रायपुर
Online परामर्श उपलब्ध | दवाइयाँ कुरियर द्वारा भेजने की सुविधा
Maa Ad.

मूत्र किडनी एवं प्रोस्टेट
समस्त किडनी रोग गुर्दा, नेफ्रोलाजी किडनी में सुजन दर्द पेशाब कम होना या रूकावट जलन, सिरम क्रियेटिनिन, यूरिक एसिड, यूरिया का बढ़ना पैरो या आंखो में सूजन अगर डायलिसिस में चल रहे हो या किडनी बदलने कि नौबत आ गई हो तो इस चिकित्सा से जीवन बच सकता है, यह चिकित्सा किडनी के नेफ्रान्स सेल को पुनः एक्टीवेट (रिजनरेट) अर्थात् फिर से जीवन प्रदान करता है यूरेथ्रास्ट्रेक्चर (मूत्र नली का सिकुड़न) पेशाब न उतरना, बूंद बूंद टपकना या बन्द होना, आपरेशन कि आवश्यकता नहीं होती एवं पेशाब में जलन, पीला लालिमा रहना या खून या मवाद आना ।प्रोस्टेट विकार बार बार पेशाब होना, बूंद-बूंद या रूकना, इसके कारण सेक्स में आई कमजोरी। समय : 11 से 3 बजे तक
जीवन ज्योति क्लीनिक डॉ. आर अग्रवाल (हर्बल मेडिसीन) नया बस स्टैण्ड के अंदर, गोलू पोहा जलेबी होटल के ऊपर शॉप नं. 25 दुर्ग (छ.ग.)
स्थायी चिकित्सा परामर्श के लिए मिले मो. 7587099540 (आने से पहले फोन करें)

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508133

22052024-Isp-04_Layout 1 5/21/2024 10:19 PM Page 1



## खबर संक्षेप

### बुजुर्ग महिला से लूट का प्रयास, अपराध दर्ज

**भिलाई।** पैदल टहलने गई महिला से अज्ञात युवक लूट का प्रयास किया। शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ धारा 394 के तहत जुर्म दर्ज किया है।भिलाई तीन पुलिस ने बताया कि बजरंग पारा निवासी श्रीमती देवन्ती देवी ने शिकायत किया है। 19 मई की सुबह 5 बजे टहलने के लिए घर से निकली थी। पैदल टहलते हुए सिरसा गेट चौक के आगे नहरनाली के पास पहुंची थी। तभी पीछे से एक अज्ञात युवक आया और दोनों हाथ को पकड़कर हाथ में पहने सोने की चुड़ी को लूटने का प्रयास किया। वृद्ध महिला के चिखने चिल्लाने पर आरोपी ने ईंट के टुकड़े से सिर, आंख के पास हमला कर फरार हो गया। घटना में वृद्ध महिला घायल है जिसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### पुलिस के मकान से बुलेट और नकदी चोरी

**भिलाई।** आरक्षक के घर में खडी बुलेट और नगदी पार करने का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ धारा 380,457 के तहत जुर्म दर्ज किया है। भिलाई तीन पुलिस ने बताया कि उमदा रोड ड्रीम सिटी में किराए के मकान में टिकेन्द्र रहता है। ट्रैफिक पुलिस भिलाई-3 जोन में आरक्षक के पद पर पदस्थ है। 18 मई की रात निजी काम से बहन व जीजा के घर रायपुर गया था। 19 मई की सुबह पड़ोसी ने फोनकर बताया कि उनके घर के पीछे तरफ का दरवाजा खुला है और सामने दरवाजे का ताला टूटा है। घर आकर देखा तो घर में रखे लोहे की पेटी से नगद और घर के सामने खड़ा बुलेट गायब मिला। पुलिस आरोपी की तलाश में जुटी हुई है।

### लाखों की ठगी करने वाला युवक गिरफ्तार

**भिलाई।** समाजसेवी के साथ ठगी करने वाले युवक को पुलिस ने दुर्ग से गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने धारा 420 के तहत जुर्म दर्ज किया है। सुपेला पुलिस ने बताया कि स्टील कालोनी वार्ड 60 निवासी गुरमीत कौर धनई को रकम दोगुना करने का झांसा देकर श्रेयांश जैन स्वयं फाईनेशल एडवाईजर बताकर 56 लाख रुपए का ठगी किया। समय पूरा होने पर समाजसेवी को आरोपी श्रेयांश ने रुपए नहीं लौटाए बल्कि लगातार घूमाता रहा। परेशान होने के बाद पुलिस थाने पहुचकर महिला ने आरोपी के खिलाफ शिकायत किया। पुलिस ने श्रेयांश जैन दुर्ग न्यायालय सरेंडर करने जाने की सूचना पर उसे तुरंत पुलिस ने गिरफ्तार किया। गुरमीत कौर धनई पति की मृत्यु के बाद (एनसीआरबी) एकीकृत जाँच फार्म -1 से मिले पैसे को व्यवस्थित ढंग से इन्वेस्ट करवाने के नाम से आरोपी ने ठगी किया।

### फॉलो गुड हेबिट्स के तहत कॉलेज, कारखानों में चला जागरुकता अभियान

**भिलाई।** ट्रैफिक पुलिस द्वारा चलाए जा रहा फॉलो गुड हेबिटस को लेकर जागरुकता अभियान चलाया जा रहा है। एसपी जितेन्द्र शुक्ला के निर्देश पर वाहन चालको को हेलमेट और सीट बेल्ट लगाने के लिए ट्रैफिक पुलिस जागरुक कर रहा है। डीएसपी सतीश ठाकुर और संदानंद विंध्यराज ने बताया कि फॉलो गुड हेबिटस अभियान के तहत 21 डे चैलेंज की जानकारी से ट्रैफिक जागरूकता कार्यक्रम के माध्यम से दी जा रही है। 13 मई से लगातार दुर्ग पुलिस द्वारा उक्त अभियान के तहत आम नागरिकों को ,वाहन चालको को हेलमेट, सीट बेल्ट लगाने जागरूक करने चौक चौराहे ,पार्क,कारख़ाने ,कॉलेज माल, आदि जगहों पर ट्रैफिक पुलिस सजग है।

## आयोजन : कांग्रेस भवन में मनाई गई पूर्व प्रधानमंत्री की पुण्यतिथि

# भारतरत्न राजीव के योगदान को कांग्रेस ने किया याद, दी श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

देश के पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर स्थानीय कांग्रेस भवन में कांग्रेसियों ने याद करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान राजीव गांधी के कार्यों को याद किया गया।

इस अवसर पर कृष्ण दुबे ने कहा कि देश की पंचायतीराज व्यवस्था को मजबूत और सशक्त बनाने के साथ ही कंप्यूटर एवं संचार क्रांति लाकर युवा, आधुनिक एवं सुदृढ़ भारत के निर्माण में राजीव गांधी ने अतुलनीय योगदान दिया। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष चंद्रेश हिरवानी ने श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि देश के पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने अपनी दूरदर्शी नीतियों से दूरसंचार क्रांति की शुरुआत कर




भारत को कंप्यूटर युग से परिचित कराया, राजीव गांधी के आधुनिक विचारों की छाप उनके सुधारवादी कार्यों में देखी जा सकती है।

इस अवसर पर पूर्व जिलाध्यक्ष कृष्णा दुबे, ब्लाक अध्यक्ष चंद्रेश हिरवानी, जिला उपाध्यक्ष रामजीभाई पटेल, शहर अध्यक्ष अनिल यादव, विधायक प्रतिनिधि कमलेश श्रीवास्तव, जिला कोषाध्यक्ष प्रेमचन्द क्षीरसागर, नरेन्द्र सिन्हा, विनोद(बंटी) शर्मा, रूपेश यादव, सुनील मंडावी उपस्थित थे।



### अधिकारी-कर्मचारियों ने ली आतंकवाद हिंसा का विरोध करने की शपथ

**बालोद।** भारत के पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की पुण्यतिथि 21 मई आतंकवाद विरोधी दिवस के रूप में मनाई गई। इस अवसर पर संयुक्त जिला कार्यालय के अधिकारी-कर्मचारियों ने आतंकवाद और सभी प्रकार की हिंसा का डटकर विरोध करने की शपथ ली। कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. संजय कन्नौजे की उपस्थिति में अपर कलेक्टर चन्द्रकांत कौशिक ने संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में अधिकारी–कर्मचारियों को शपथ दिलाई। इस दौरान अधिकारी–कर्मचारियों ने देश की अहिंसा एवं सहनशीलता की परम्परा में दृढ़ विश्वास रखने तथा सभी प्रकार के आतंकवाद और हिंसा का डटकर विरोध करने की शपथ ली। अधिकारी–कर्मचारियों ने मानव जाति के सभी वर्गों के बीच शांति, सामाजिक सद्भाव तथा सूझबूझ कायम रखने और मानव जीवन मूल्यों को खतरा पहुंचाने वाली तथा विघटनकारी शक्तियों से लड़ने की भी शपथ ली। इस अवसर पर संयुक्त कलेक्टर डीआर ठाकुर एवं राजस्व अनुविभागीय अधिकारियों के अलावा अन्य अधिकारी–कर्मचारी उपस्थित थे।

# 5 साल में नहीं बन सके 100 शौचालय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ डोंडी

ग्राम पंचायत घोटिया के लोगों ने गांव के उपसरपंच द्वारा प्रधानमंत्री ग्रामीण स्वच्छता मिशन के कार्यों में अनिमियता तथा भ्रष्टाचार किए जाने

- ग्राम पंचायत घोटिया के लोगों ने उपसरपंच पर लगाया गड़बड़ी का आरोप




का आरोप लगाकर जांच की मांग की है। ग्रामीण भोज कुमार साहू, रमेश कुमार, ज्ञान सिंह, कोमलराम, थानसिंह साहू, ललित कुमार परउराम, नारायण चिंताराम, कनक राम ने बताया कि वर्ष 2020-21 में प्रधानमंत्री ग्रामीण स्वच्छता अभियान के अंतर्गत उनके गांव के लिए 272 हितग्राही मूलक शौचालय स्वीकृत हुए थे। उनमें से 100 से भी ज्यादा हितग्राहियों के शौचालय का निर्माण आज तक नहीं हो पाया है। अभी तक लगभग 150 हितग्राहियों के ही शौचालयों का निर्माण पूरा हुआ है। उन्होंने आगे बताया कि इसी तरह 2021-22 में ग्राम पंचायत घोटिया में 3 स्थानों के लिए सार्वजनिक शौचालय स्वीकृत किए गए थे, किंतु आज तक उनका निर्माण भी पूर्ण नहीं हो पाया है। यहां तक कि उसमें सीट भी नहीं लगाई गई है। ग्रामीणों का कहना है कि इस निर्माण कार्य में भी लाखों रुपए की गड़बड़ी होने की आशंका है। ग्रामीणों ने बताया कि हितग्राही मूलक शौचालय में गांव के कालूराम सतरूपा बाई पेमीन बाई उर्मिलाबाई अनीता बाई अकालूराम अगसिया बाई शिवकुमार देवकी बाई धनेश सहित अनेक लोगों का शौचालय आज तक नहीं बन पाया है। ग्रामीणों ने उपसरपंच द्वारा कराए गए कार्यों की बारीकी से जांच कर कड़ी कार्रवाई की मांग कलेक्टर से की है। इस संबंध में सरपंच ममता मंडावी ने कहा कि उक्त शिकायत की जांच प्रारंभ हो गई है, रिपोर्ट आने के बाद बता देंगे।

## आजा कल्याण विभाग कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष चुने गए संदीप




**बालोद।** आदिम जाति कल्याण विभाग कर्मचारी संघ के प्रांतीय पदाधिकारी की उपस्थिति में संगठन का चुनाव हुआ। इसमें सर्वसम्मति से संदीप कुमार साहू को बालोद जिला अध्यक्ष मनोनीत किया गया।

आदिम जाति कल्याण विभाग कर्मचारी संघ के प्रांत अध्यक्ष धन्नूलाल देवांगन एवं संभाग अध्यक्ष विकास देशमुख एवं बालोद के कार्यभारित आकस्मिकता निधि चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियो की उपस्थिति में जिला बालोद के पदाधिकारी एवं कार्यकारिणी सदस्य का गठन हुआ। उपाध्यक्ष सोमकांत प्रजापति, सचिव वीरेंद्र कुमार कश्यप, महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष उषा



साहू, मीडिया प्रभारी ललित कुमार सिंन्हा एवं ओमकार सोरी, महिला कार्यकारिणी सदस्य लीला पिस्दा, हेमलता ठाकुर, पूर्णेश्वरी कुंभकार, मधुलता साहू कार्यकारिणी सदस्य सुमन लाल माहला, तुलेश कुमार ध्रुव, छन्नू लाल, गौरव वर्मा, यदु साहू, भंवरलाल कर्मचारियों को संगठन का दायित्व सौंपा गया है।

## अरमरीकला में प्रतियोगी परीक्षाओं के साथ खेलों की भी कराई जा रही तैयारी

नशे से दूर रहने व बेहतर भविष्य निर्माण के लिए किया जा रहा प्रेरित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद/कलंगपुर

अरमरीकला में समर स्पोर्ट्स कैंप का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें स्वामी आत्मानंद विद्यालय के विद्यार्थियों के साथ ही आसपास के गांवों के विद्यार्थी हिस्सा ले रहे हैं। यहां पुलिस, प्रशासनिक सेवा, भारतीय आर्मी अग्निवीर व अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की फिजिकल ट्रेनिंग शैलेंद्र सिन्हा के नेतृत्व में दी जा रही। श्री सिन्हा की अनुपस्थिति में छात्र दुष्यंत कुमार व भूपेश पटेल प्रशिक्षण देते हैं। 1600 मीटर, 100 मीटर रनिंग की भी तैयारी करवायी जा रहा है। बच्चों को प्रेरणा के साथ उनकी देखभाल की भी व्यवस्था की गई है। शिविर में सनौद थाना के आरक्षक जितेन्द्र का मार्गदर्शन भी मिला। उन्होंने नशापान व नशीली चीजों से दूर रहने की सलाह देते हुए बच्चों को बेहतर करियर निर्माण के लिए प्रेरित किया। प्रशिक्षण के दौरान अरमरीकला विद्यालय के प्राचार्य एएस कौशिक व स्टाफ का मार्गदर्शन भी बच्चों को प्राप्त हो रहा है।





### शासकीय विद्यालय गोड़ेला में बच्चों ने सीखा पेंटिंग बनाना



**बालोद।** शासन के निर्देशानुसार 20 से 24 मई तक समर कैम्प का आयोजन शासकीय प्राथमिक व पूर्व माध्यमिक विद्यालय गोड़ेला में किया जा रहा है। कैम्प के पहले दिन संस्था प्रमुख आरके हिरवानी ने समर कैम्प की योजना और आवश्यकता पर बच्चों को जानकारी दी। प्रतिभा त्रिपाठी ने मंत्रोच्चार व चालीसा पाठ करवाया तथा मधुबनी पेंटिंग की कला बच्चों को सिखाई। शिक्षक सनत कुमार देशमुख ने बच्चों को पेंटिंग में रंगों का चुनाव करना तथा आकर्षक बनाने के संबंध में जानकारियां दी। उसके बाद आगामी दिनों के लिए कैम्प की विषय–वस्तु और कार्ययोजना की जानकारी दी गई। इस दौरान बच्चों को कैंप में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने के लिए प्रोत्साहित किया गया।

## दल्लीराजहरा में नवीन आचार्य प्रशिक्षण वर्ग का हुआ शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दल्लीराजहरा

विद्या भारती छत्तीसगढ़ के मार्गदर्शन में वनांचल शिक्षा सेवा न्यास छत्तीसगढ़ की योजनानुसार नवीन आचार्यों का प्रशिक्षण वर्ग सरस्वती शिशु मंदिर दल्ली राजहरा में सोमवार को प्रारंभ हुआ। प्रांत में चलने वाले सरस्वती शिक्षा केंद्र (एकल आचार्य) के नवीन आचार्यों का 10 दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग 19 से 30 मई तक आयोजित किया जा रहा है। प्रांत प्रमुख नरेश जायसवाल ने बताया कि प्रांत की ओर से चलने वाला प्रशिक्षण वर्ग दो स्थानों पर हो रहा है। कांकेर जिला, राजनांदगांव जिला एवं बालोद जिला के नवीन आचार्यों का प्रशिक्षण वर्ग दल्ली राजहरा में और बिलासपुर जिला, कोरबा जिला, सरगुजा जिला के नवीन आचार्यों का प्रशिक्षण वर्ग पेंड्रा में है।

प्रशिक्षण वर्ग के उद्घाटन अवसर पर मुख्य अतिथि विजय देवांगन प्राचार्य शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बोरगांव थे, अध्यक्षता धर्मचंद जैन अध्यक्ष सरस्वती शिशु मंदिर दल्ली राजहरा ने की। मुख्य वक्ता जुड़ावन सिंह ठाकुर अध्यक्ष सरस्वती शिक्षा संस्थान थे। विशिष्ट अतिथि भागवत दास अस्तरे अध्यक्ष वनांचल शिक्षा सेवा न्याय छत्तीसगढ़, नरेश जायसवाल प्रांत प्रमुख वनांचल शिक्षा सेवा न्याय छत्तीसगढ़ सहित विद्यालय के आचार्य उपस्थित थे। इस प्रशिक्षण वर्ग में कांकेर जिला, राजनांदगांव जिला एवं बालोद जिला से कुल 60 आचार्य शामिल हो रहे हैं। प्रशिक्षण वर्ग को सफल बनाने के लिए राम यादव जिला समन्वयक राजनंदगांव, भुवनेश्वर कुलदीप जिला समन्वयक कांकेर, पूषण लाल भुआर्य जिला समन्वयक बालोद, भूपेंद्र तिवारी प्राचार्य दल्ली राजहरा, नरेंद्र ग्वाल वरिष्ठ आचार्य सहित सभी कार्यकर्ता लगे हुए हैं।



### प्रातः 4.30 से रात्रि 10 बजे तक होंगी विविध गतिविधियां

इस प्रशिक्षण वर्ग में प्रातः 4:30 बजे से जागरण के पश्चात रात्रि 10 बजे तक विभिन्न कालखंडों के माध्यम से अनेक पदाधिकारी कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन एवं दिशा निर्देश प्राप्त हो रहा है। अपने-अपने गांव से नवीन आचार्य आए हुए हैं, जिन्हें संवारने का काम शिक्षक बंधु कर रहे हैं। प्रशिक्षण वर्ग में पूरे समय तक नरेश जायसवाल प्रांत प्रमुख का सानिध्य प्राप्त हो रहा है। साथ ही संस्थान के अनेक पदाधिकारियों का बीच-बीच में मार्गदर्शन एवं सानिध्य प्राप्त होगा।

## अच्छे चरित्र वाले लोगों का महत्व अधिक होता है

### समर कैंप में बच्चों को दी जा रही नैतिक व आध्यात्मिक मूल्यों की शिक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय आत्मज्ञान भवन आमापारा बालोद के तत्वावधान में कक्षा 5 वीं से 10 वीं के बच्चों के लिये समर कैम्प का आयोजन किया गया है।

- प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विवि में लगा समर कैंप

समर कैम्प के द्वितीय दिवस पर बीके तुलसी दीदी ने कहा कि आंतरिक सुंदरता का अर्थ है कि व्यक्ति सुंदर चरित्र वाला हो, अच्छा व्यवहार करने वाला हो, उसके कर्म अच्छे हों, दिव्य गुणों वाला हो, उसकी वाणी में मिठास हो। जिस व्यक्ति का चरित्र अच्छा होता है, उसकी अहमियत ज्यादा होती है और जिसका चरित्र अच्छा नहीं होता, उसको कोई पूछता तक नहीं। दीदी तुलसी ने दो तोते की कहानी के माध्यम से चरित्र की महत्ता बताई। उन्होंने कहा कि एक तोता अच्छे संग में रहने के कारण अच्छे चरित्र वाला तोता बन गया





और दूसरा तोता बुरी संगति में रहने के कारण बुरे चरित्र वाला बन गया। इस कारण बाज़ार में अच्छे तोते की कीमत दस हजार रूपये थी और बुरे तोते की किमत दो हजार रूपये थी। इस कहानी से हमें यह सीख मिलती है कि हमें हमेशा अच्छे लोगों का संग करना चाहिये।

#### तन-मन की एकाग्रता के लिए करवाए जा रहे एक्सरसाइज

कार्यक्रम के दौरान बीके नेहा दीदी, रेणु दीदी, प्रीति बहन ने एक्टिविटी के साथ बच्चों को खेल–खेल में म्यूजिकल एक्सरसाइज कराए, जिससे तन व मन की एकाग्रता को प्राप्त कर सकें। गौरतलब है कि ब्रह्माकुमारीज़ आत्मज्ञान भवन आमापारा बालोद में निःशुल्क समर कैम्प का आयोजन 20 से 24 मई तक प्रतिदिन प्रातः 09 बजे से 11 बजे तक किया जा रहा है। कैंप में शहर के सभी बच्चे भाग ले सकते हैं। कैम्प में पेपर आर्ट एवं क्राफ्ट, गेम्स, नैतिक शिक्षा एवं आध्यात्मिक मूल्यों की शिक्षा दी जा रही है।

### अंतर्राष्ट्रीय मानव अधिकार संगठन वाईडीसी की हुई साप्ताहिक बैठक

**भिलाई।** रविवार को अंतर्राष्ट्रीय मानव अधिकार संगठन वाईडीसी का साप्ताहिक बैठक सम्पन्न हुआ। बैठक में उपस्थित सदस्यों ने नपा जामुल में हो रहे विकास कार्यों में घोर लापरवाही, भ्रष्टाचार व अधिकारियों की मनमानी के विषय चर्चा की गई। चर्चा में विभिन्न विषयों में कैसे आवास योजना में एक ही व्यक्ति को दोबारा आवास आबंटित किया जा रहा है। कैसे शुलभ शौचालय के ठेके में भ्रष्टाचार। कैसे आंगनबाड़ी भवन जो साल भर से टेंडर में है लेकिन निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं हुआ जबकि उक्त वार्ड में आंगनबाड़ी किराये के मकान में संचालित है।

सभी बीमारियों में तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने
पता - धमतरी. मो.नं. : 9993010732
लकवा, शरीर में होने वाले सभी प्रकार के दर्द, साइटिका, नस रोग
चर्मरोग – दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना, अल्सर, कैंसर
पेट रोग – कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना, पेट में दर्द होना
बवासीर – मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना, दर्द होना
पुरूष रोग – धातुस्त्राव, शीघ्रपतन, शुक्राणु की कमी, कमजोरी
स्त्री रोग – लाल, सफेद पानी आना, बच्चादानी में गांठ, मासिक रुकावट
बुखार, सर्दी–खांसी, स्वांस–दमा, शुगर रोग, सिर दर्द, मूत्र रोग, टी.बी., पीलिया, पथरी, केशरोग, नेत्र व दांत रोग का इलाज होता है

कालड़ा बर्न एवं प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी सेंटर
वेजर लाइपोसक्शन द्वारा
मोटापे का ईलाज



पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड, कलर्स मॉल के पास, रायपुर
कॉल : 9827143060/8871003060
Ajay 9827144371

मधुमेह का सर्वोत्तम संस्थान
लाइफवर्थ हॉस्पीटल
समता कालोनी, रायपुर
हाई ब्लड शुगर का निदान
हाई बी.पी., बच्चों में मधुमेह
मधुमेह और मोटापा
थायराइड और मधुमेह
आँखों में धुंधलापन
पैर में घाव, नसों मे दर्द
समस्त खून जाँच, ईसीजी, ईको की सुविधा
88395 28080, 98261 31347
74404 95504
Ajay 9827144371

Care With Confidence
(NABH से मान्यता प्राप्त)
सुयश हॉस्पिटल
स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग
• नॉर्मल डिलीवरी
• सिजेरियन
• हाई रिस्क प्रेग्नेंसी
• बच्चेदानी का ऑपरेशन
• बांझपन का ईलाज
24x7 प्रसव सुविधा..
24 Hours Helpline
9926386660
कोटा–गुढ़ियारी रोड़, होटल पिकाडली के पीछे, रायपुर
Ajay 9827144371

online Booking:-www.tripuryatra.com



स्लीपर मात्र 8,500/-
सुनहरा अवसर
स्पेशल ट्रेन से 08 जून से 14 जून 2024
जय माता दी... चलो बुलावा आया है, माता ने बुलाया है....
सबसे कम राशि पर
माता वैष्णव देवी
हरिद्वार,मथुरा वृंदावन (श्री कृष्ण जन्मभूमि)
राशि:-स्लीपर 8500/- 3 एसी 16,500/-2 एसी 21,500/ (+ 5% GST)
छत्तीसगढ़ के श्रवण कुमार
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा
Since-2007
RAIPUR- D-36 Sector - 4 Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411